**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**20.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सकों की सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करने के लिए गठित किया 10 सदस्यीय कार्यबल–प्रदेश में कल से अस्पतालों में लगेगी ओपीडी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा अगले साल से शिक्षकों के साथ विद्यार्थी भी एक्सपोज़र विजिट पर जाएंगे विदेश।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बदलते जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत किसानों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध करवाने पर दिया जोर।
- पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी जयंती पर प्रदेशवासियों ने श्रद्धासुमन किए अर्पित।

**सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में एक चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के बाद, चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा व सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करने के लिए मंगलवार को 10 सदस्यीय कार्य बल गठित किया है। यह कार्यबल तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट सौंपेगा। न्यायालय ने कहा कि काम–काजी परिस्थितियों ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों के खिलाफ हिंसा का खतरा बढ़ा दिया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि महिला चिकित्सकों की रक्षा करना राष्ट्रीय हित का मामला है और समानता का सिद्धांत इससे कम की अपेक्षा नहीं करता है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगायी है। अदालत ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। इधर शिमला में डॉक्टरों के संगठन सैमडीकॉट ने कोलकाता घटना के विरोध में आज आई.जी.एम.सी. शिमला से प्रदेश सचिवालय तक मार्च निकाल और संगठन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर बलबीर वर्मा और महासचिव डॉक्टर पीयुष कपिला ने कहा कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद संगठन ने कल 21 अगस्त से मैडिकल कॉलेज व अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करने का फैसला लिया है। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण आज भी प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बाधित रही।

**जयराम ठाकुर**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डॉक्टरों को बारिश में घंटों इंतजार करवा कर संवेदनहीनता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने गए डॉक्टरों को सुरक्षा का भरोसा तक नहीं दिया। यही नहीं मुख्यमंत्री ने महज कुछ डॉक्टरों से मिलकर औपचारिकता निभाई जिस कारण डॉक्टरों में रोष है। उन्होंने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के नेताओं ने आज दिन तक कोलकात्ता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की अभी तक निंदा नहीं की है जो निंदनीय है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार अगले वर्ष से अध्यापकों के साथ–साथ विद्यार्थियों को भी एक्सपोजर विजिट पर विदेश भेजेगी। मुख्यमंत्री आज सोलन जिला के एक दिवसीय दौरे के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कोठी देवरा घट्टी के विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार

कार्य कर रही है ताकि युवा पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने इस मौके पर स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने सोलन दौरे के दौरान आज 23 करोड़ रूपए से अधिक की 8 विकासात्मक परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास भी किये।

## रोहित–विक्रमादित्य

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सुर्खियों में बने रहने के लिए आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने आज शिमला में एक संयुक्त बयान में कहा कि मंत्रियों की कोठियां सरकार की संपत्ति है और सरकारी संपत्तियों की मुरम्मत और रखरखाव आम प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि मुरम्मत के लिए सिर्फ मंत्रियों की कोठियों पर ही पैसा खर्च नहीं हुआ है बल्कि जयराम ठाकुर की सरकारी कोठी की मुरम्मत पर भी बड़ी राशि खर्च हुई है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को सलाह दी कि वे सकारत्मक विपक्ष की भूमिका निभाते हुए प्रदेश के विकास में योगदान दें।

## जगत सिंह

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों में भूमिहीन व उपेक्षित वर्गों को मालिकाना हक प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में वन अधिकार अधिनियम को लेकर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अधिनियम के तहत प्राप्त मामलों को अगले स्तर तक ले जाने के लिए पंचायतों में आयोजित होने वाली वन अधिकार अधिनियम ग्राम सभाओं में 50 प्रतिशत की हाजिरी आवश्यक है। इन सभाओं में 10 प्रतिशत महिलाओं का होना भी अनिवार्य है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि बदलते जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत किसानों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध करवाए जाने चाहिए। उन्होने प्रदेश में आलू पर आधारित उद्योग स्थापित करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल आज शिमला स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के 76वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि देश की बढ़ती आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बागवानी फसलों का विविधिकरण और उपयोग महत्वपूर्ण रणनीति साबित हो सकती है। राज्यपाल ने इस मौके पर संस्थान के उत्कृष्ट कर्मियों और वैज्ञानिकों को पुरस्कृत भी किया।

## सदभावना दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रतन स्वर्गीय राजीव गांधी को आज उनकी 80वीं जयंती के मौके पर प्रदेशवासियों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य समारोह राजधानी में छोटा शिमला स्थित राजीव चौक पर हुआ जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने इस मौके पर प्रदेश सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को सदभावना दिवस की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना में सदभावना दिवस के मौके पर स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संगीत सभा

आकाशवाणी शिमला द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 22 अगस्त को लोक संगीत सभा का आयोजन किया जाएगा। ये लोक संगीत सभा शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में दोपहर बाद 3 बजे से आयोजित की जाएगी।

**चंद्र कुमार**

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि सरकार राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इस विधि से उगाई गई गेहूं को 40 रूपए और मक्की को 30 रूपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदेगी। चन्द्र कुमार आज ज्वाल विधानसभा क्षेत्र के जरोट में कृषि विभाग और आत्मा परियोजना द्वारा आयोजित एक दिवसीय सामूहिक संवेदीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में रसायनों के ज्यादा प्रयोग से इनका अंश उत्पादों में अधिक मात्रा में आने लगा है। इसका स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए प्राकृतिक खेती कम लागत वाला एक बेहतर विकल्प है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार राज्य के बड़े–बड़े संस्थानों को समाप्त करने का षडयंत्र रच रही है। उन्होंने आज शिमला में एक बयान में कहा कि सरकार ने चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को दाव पर लगा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कृषि विश्वविद्यालय की एक सौ 15 एकड़ भूमि को निजी कम्पनियों के हाथों में सौंप कर रियल एस्टेट का व्यापार करने की तैयारी कर रही है। बिंदल ने कहा कि भाजपा इस प्रकार के किसी भी निर्णय का कड़ा विरोध करेगी।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में अधिकांश स्थानों पर व्यापक से भारी वर्षा हुई है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान बैजनाथ में सर्वाधिक एक सौ 10 मण्डी में एक सौ 3, नगरोटा सूरियां में 80, नैनादेवी में 72, सेउबाग में 52, सुंदरनगर में 51, कांगड़ा में 49 और गुलेर में 42 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस बीच मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश में मॉनसून के पूरी तरह सक्रिय बने रहने की सम्भावना जताई है। विभाग ने आज राज्य के 5 जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मण्डी और सिरमौर में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 21 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे तक राज्य के 8 जिलों बिलासपुर, चम्बा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मण्डी, शिमला और सिरमौर में फ्लैश फ्लड की चेतावनी भी जारी की है। प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय बने रहने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य बना हुआ है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सकों की सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करने के लिए गठित किया 10 सदस्यीय कार्यबल–प्रदेश में कल से अस्पतालों में लगेगी ओपीडी।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा अगले साल से शिक्षकों के साथ विद्यार्थी भी एक्सपोज़र विजिट पर जाएंगे विदेश।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बदलते जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत किसानों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध करवाने पर दिया जोर।
- पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को उनकी जयंती पर प्रदेशवासियों ने श्रद्धासुमन किए अर्पित।